(b) and (c) Government is committed to maintaining a minimum credible nuclear deterrent. Government's decisions relating to our nuclear and missile programmes will continue to be taken in accordance with our own assessment of national security requirements.

All round development of ties between India and UK

2690. SHRI JANARDHANA POOJARY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government of U.K. has expressed a desire for all round development of ties between the two countries; and

(b) if so, Government's reaction thereon?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI JASWANT SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) Government has welcomed the expression of this desire which coincides with our own policy of working to develop a broad-based, mutually beneficial relationship with the UK.

विदेश मंत्री को अमरीका की यात्रा का निमंत्रण

2691. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अमरीका ने भारत के माननीय विदेश मंत्री को अमरीका की यात्रा करने और अमरीका के विदेश मंत्री के साथ चर्चा करने के लिए निमंत्रण दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उन्होंने अपनी अमरीका यात्रा की तारीखें निर्धारित कर ली हैं;

(ग) क्या चर्चा के मसौदे को उनके द्वारा अंतिम रूप दे दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो भारत को सहायता देने और द्विपक्षीय संबंधों के बारे में अमरीका का दृष्टिकोण क्या है?

विदेश मंत्री (श्री जसवन्त सिंह): (क) और (ख) भारत जून, 1998 से अमरीका के साथ उच्च स्तरीय व्यापक वार्ता कर रहा है। विदेश मंत्री श्री जसवंत सिंह और अमरीकी विदेश उपमंत्री श्री स्ट्रोब तालबोट को यह वार्ता करने के लिए नामित प्रतिनिधियों के रूप में नियुक्त किया गया है। इस वार्ता का पिछला दौर जनवरी, 1999 में नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ।

इस वार्ता के अगले दौर के बारे में इस वर्ष के मध्य में विचार किया गया है जिसकी तारीख और स्थान दोनों पक्षों के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा।

(ग) अब तक हुई बातचीत सुरक्षा, निरस्त्रीकरण और अप्रसार से संबंधित मसलों पर केन्द्रित रही। इस बातचीत को अब संकुचित किया गया है और चार मसलों अर्थात व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि, एम एम सी टी, निर्यात नियंत्रण तथा रक्षा स्थिति पर केन्द्रित किया गया है।

(घ) दोनों पक्षों में इस बात को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि इस वार्ता का उद्देश्य सुरक्षा से सम्बद्ध मामलों पर एक-दूसरे के विचारों में तालमेल लाना तथा भारत और अमरीका के बीच व्यापक आधारित संबंधों की नींव डालना है।

अमरीकी सरकार ने 7 नवम्बर, 1998 को भारत के विरूद्ध कुछ आर्थिक प्रतिबंधात्मक उपायों को उठाने की घोषणा की है। ये तीन अमरीकी संस्थाओं अर्थात् एक्जिम बैंक, ओवरसीज प्राइवेट इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन और व्यापार विकास प्राधिकरण के कार्यक्रमों से संबंधित हैं। अमरीकी सरकार ने वाणिज्यिक अमरीकी बैंकों तथा अन्तर्राष्ट्रीय सैन्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियाकलापों पर लगे प्रतिबंधों को भी उठा लिया है। बुनियादी आवश्यकता के क्षेत्रों में सहायता से सम्बद्ध द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं।

अमरीकी सरकार ने कहा है कि वह भारत के साथ अपनी वार्ता में प्रगति को स्वीकार करते हुए यह उपाय कर रही है।

फरवरी, 1999 में अमरीका ने आन्ध्र प्रदेश राज्य में अवसंरचना तथा विद्युत विकास से सम्बद्ध विश्व बैंक के ऋण के अनुमोदन में बाधा नहीं पहुंचाई।